# अयोध्या में हो सकता है 10 लाख करोड़ का भूमिपूजन समारोह

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** अयोध्या की ग्लोबल ब्रांडिंग के लिए भूमिपूजन समारोह रामनगरी में कराया जा सकता है। चुनाव से ठीक पहले रामनगरी में समारोह कर एक तरफ दुनिया भर के निवेशकों की राममंदिर के दर्शन की इच्छा पूरी होगी तो दूसरी तरफ प्रदेश के औद्योगिक विकास की तस्वीर भी सामने आएगी।

22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समारोह के बाद सरकार की अगली तैयारी भूमि पूजन समारोह की है। इसमें कम से कम 10 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर आएंगे, हालांकि अभी तक तारीख तय नहीं की गई है। लेकिन सभी विभागों को लक्ष्य देने के साथ नियमित रिपोर्ट भी मांगी जा रही है। माना जा रहा है कि फरवरी के तीसरे या चौथे हफ्ते में इसे कराया जा सकता है, क्योंकि इसके बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी। औद्योगिक विकास विभाग के सूत्रों के मुताबिक अयोध्या सबसे पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में पिछले सितंबर को इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड शो हो चुका है। लखनऊ में वैश्विक निवेशक सम्मेलन हो चुका है। नए स्थलों में अयोध्या को भी रखा गया है।

## अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा में जुटेंगे प्रदेशभर के डॉक्टर

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रद्धालुओं की सेवा में प्रदेशभर के मेडिकल कॉलेजों के रेजीडेंट डॉक्टर और संकाय सदस्य लगेंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) ने अलग-अलग टीमें बना दी हैं। एनएमओ की ओर से अयोध्या में करीब 13 स्थानों पर स्वास्थ्य सेवा शिविर लगाए जाएंगे। हर शिविर में पांच से 10 विशेषज्ञ डॉक्टर रहेंगे। व्यवस्था की निगरानी के लिए केजीएमयू के प्रोफेसर विजय कुमार, डॉ. राजकुमार गुप्ता, डॉ. सचिन राहू, डॉ. अलका रानी, डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव समेत कई को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, अयोध्या के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से यहां 20-20 बेड के दो अस्थाई अस्पताल बनाए जाएंगे। करीब 109 एंबुलेंस भी मौजूद रहेंगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिया है कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। निर्देश दिया कि अयोध्या में मौजूद सभी 10 ऑक्सीजन प्लांट को दुरुस्त रखा जाए। ब्यूरो

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रदेश भर में 10 से चलेगा सफाई अभियान

**लखनऊ।** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को होने वाले समारोह को देखते हुए अयोध्या के साथ ही प्रदेश के सभी बड़े शहरों को चमकाया जाएगा। इसके लिए नगर विकास विभाग द्वारा 10 जनवरी से एक महीने का सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान सभी नगर निकायों में चलाने को कहा गया है। लेकिन अयोध्या के अलावा धार्मिक महत्व वाले वाराणसी और प्रयागराज समेत आसपास के शहर लखनऊ, कानपुर व गोरखपुर के नगर आयुक्तों को अपने-अपने शहरों की विशेष सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। बृहस्पतिवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी नगर आयुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। सफाई के साथ ही खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने और सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। ब्यूरो

## जेलों में बंदी देख सकेंगे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सजीव प्रसारण

**लखनऊ।** अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सजीव प्रसारण जेलों में बंदी भी देख सकेंगे। कारागार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने बृहस्पतिवार को बताया कि सभी जेल अधीक्षकों को प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बंदियों द्वारा हनुमान चालीसा व सुंदरकांड की पुस्तकें मांगी जा रही हैं। इसलिए गीता प्रेस गोरखपुर से हनुमान चालीसा व सुंदरकांड की 50-50 हजार प्रतियां मंगाई गई हैं। जल्द ही सभी जेलों में इसे वितरित किया जाएगा। ब्यूरो